RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 56 • 9:03:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## धूमधाम से मनी शिवरात्रि भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु

- **महाकाल में दोपहर 1 बजे तक 2 लाख और काशी विश्वनाथ में 6 लाख लोगों ने किए दर्शन**



**उज्जैन/वाराणसी/देवघर (एजेंसी)।** देशभर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। उज्जैन में भगवान महाकाल के पट रात 2.30 बजे खुले। सुबह भस्म आरती की गई। महाकाल का भांग-मेवे से श्रृंगार किया गया। मंदिर के पट शनिवार रात 10.30 बजे तक खुले रहेंगे। यानी भक्त 44 घंटे बाबा महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। यहां लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। दोपहर 1 बजे तक 2 लाख लोग भक्त दर्शन कर चुके हैं। वहीं, वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर में सुबह 3.30 बजे से ही झांकी दर्शन जारी रहा। मंदिर के बाहर भक्तों की 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। हर सेकेंड 10-15 लोग दर्शन कर रहे थे। यहां दोपहर 1 बजे तक करीब 6 लाख लोग दर्शन कर चुके हैं। बाबा का दरबार लगातार 36 घंटे से ज्यादा खुला रहा।

**इधर हादसा भी**

### शिव बारात में करंट 14 बच्चे झुलसे

**कोटा (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के दिन बड़ा हादसा हो गया। यहां एक जुलूस के दौरान कई बच्चे बिजली के करंट की चपेट में आ गए। बच्चों को अस्पताल में पहुंचाया गया है। एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। राजस्थान के कोटा में शुक्रवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई। जब कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास से निकल रही शिव बारात में करंट फैल गया। इसकी चपेट में एकदर्जन से अधिक बचे आ गए। करंट से झुलसने के बाद 14 बच्चों को एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचाए गए कई बच्चों के हाथ-पैर झुलसे नजर आए। सभी का तुरंत इलाज शुरू किया गया।

**रहें सावधान!** **एक बार फिर बदलने वाला है मौसम, बढ़ जाएगी ठंड**

# फिर बन रहे जोरदार बारिश और बर्फबारी के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में मार्च के महीने में भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाएं उत्तर भारत को कंपा रही हैं। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ ही दिनों में बर्फबारी और ठंड से राहत मिलने वाली है। 10 से 13 मार्च के बीच पहाड़ों में हल्की बारिश और बर्फबारी एक बार फिर होगी। दरअसल एक और पश्चिमी विक्षोभ ऐक्टिव होने वाला है। उसके बाद गर्मी का असर शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी मुताबिक गिलगित-बाल्टिस्तान, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 11 से 13 तारीख तक बर्फबारी होगी। 13 तारीख को बर्फबारी चरम पर जा सकती है। ऐसे में उत्तर भारत में ठंड का एक और झटका लग सकता है। हालांकि इस दौरान मौसम साफ




रहेगा। दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। राजधानी दिल्ली की बात करें तो 8 मार्च और 9 मार्च को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली का मौसम साफ रहेगा। हालांकि तेज हवाएं चल सकती हैं। आने वाले दिनों में गर्मी का असर देखने को मिलेगा। यूपी में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी फिलहाल मौसम साफ रहेगा। स्काइमेट वेदर के मुताबिक अगले 24 घंटे में ओडिशा में हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड के कुछ इलाकों में हल्की बारिश संभव है। 10 से 15 मार्च के बीच पश्चिमी हिमालयी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# यूसीसी ऐक्ट, संदेशखाली और मणिपुर पर 'मंथन' करेगा संघ

**किसान आंदोलन को लेकर भी ऐक्टिव, नागपुर में 15 मार्च को बैठक**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में अगले हफ्ते एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में मणिपुर, पश्चिम बंगाल में संदेशखाली घटना, पंजाब में किसानों का आंदोलन, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), जनसंख्या नियंत्रण समेत कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि 15-17 मार्च की बैठक के एजेंडे में मणिपुर में संघर्ष को कैसे मैनेज किया जाए, इसके बारे में सुझाव दिए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि जमीनी स्तर पर आरएसएस खुद मणिपुर के घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच बातचीत शुरू करने के लिए कुकी समुदाय के कुछ वर्गों तक पहुंच रहा है। मणिपुर में घाटी इलाकों में केंद्रित प्रभावशाली मेइतेई लोग बीजेपी को समर्थन करते हैं। हाल ही में आरएसएस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा था, कई असामाजिक तत्व हैं जो हिंसा चाहते हैं। दोनों समुदायों को एक-दूसरे से बात करने और समाधान निकालने के लिए एक रास्ता खोजना होगा। आरएसएस के एजेंडे में एक और मुद्दा संदेशखाली की घटनाएं हैं, जिसने सत्तारूढ़ टीएमसी को परेशानी में डाला है क्योंकि उसके नेताओं पर यौन उत्पीड़न सहित स्थानीय आबादी के उत्पीड़न का आरोप है। एक सूत्र ने कहा,यह लंबे समय से चल रहा है। अब जाकर महिलाओं ने सामने आकर बोलने की हिम्मत जुटाई है। इसके समाज पर दूरगामी परिणाम होंगे, इसलिए यह बहुत चिंता का विषय है। उम्मीद है अब और लोग सामने आएंगे और बोलेंगे। भाजपा शासित हरियाणा में दिल्ली की ओर जा रहे प्रदर्शनकारी किसानों पर कार्रवाई के बाद आरएसएस भी इस मुद्दे को उठाएगा। इससे पहले आरएसएस की किसान शाखा भारतीय किसान संघ ने 'हिंसक' घटनाओं के कारण विरोध प्रदर्शन की आलोचना की थी और सुझाव दिया था कि सरकार इसमें शामिल किसान नेताओं के साथ बातचीत न करे।

# सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपए घटाए

**पीएम मोदी बोले-करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ कम किया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दाम 100 रुपए कम करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद अब दिल्ली में कीमत 903 से घटकर 803 रुपए, भोपाल में 808.50 रुपए, जयपुर में 806.50 रुपए और पटना में 901 रुपए हो गई है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। तब दिल्ली में कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए, भोपाल में 908, जयपुर में 906 रुपए हो गई थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 300 रुपए की सब्सिडी को बीते दिन 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। 7 मार्च को कैबिनेट मीटिंग में ये फैसला लिया गया।



# कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी 39 उम्मीदवारों के नाम घोषित

- **वायनाड से लड़ेंगे राहुल गांधी, भूपेश बघेल को राजनंदगांव से टिकट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। अभी चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया है इससे पहले ही कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आ गई है। कांग्रेस ने 39 सीटों पर कैंडीडेट्स की घोषणा की है। राहुल गांधी एक बार फिर वायनाड सीट से दावेदारी करते नजर आएंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल इस बार राजनांदगांव से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम आज 39 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा कर रहे हैं।



**कांग्रेस की सूची इस तरह है**

| कैंडीडेट | किस सीट से लड़ेंगे |
|---|---|
| राहुल गांधी | वायनाड (केरल) |
| भूपेश बघेल | राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) |
| डॉ. शिवकुमार डहेरिया | जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) |
| ज्योत्सना महंत | कोरबा (छत्तीसगढ़) |
| राजेंद्र साहू | दुर्ग (छत्तीसगढ़) |
| विकास उपाध्याय | रायपुर (छत्तीसगढ़) |
| ताम्रध्वज साहू | महासमुंद (छत्तीसगढ़) |
| एचआर अलगर राजू | बीजापुर (कर्नाटक) |
| गीता शिवराजकुमार | शिमोगा (कर्नाटक) |
| श्रेयस पटेल | हासन (कर्नाटक) |
| एसपी मुद्दाहनुमेगौड़ा | तुमकुर (कर्नाटक) |
| वेंकटरामगौड़ा | मांड्या (कर्नाटक) |
| डीके सुरेश | बेंगलुरु रूरल (कर्नाटक) |
| आशीष कुमार साहा | त्रिपुरा वेस्ट (त्रिपुरा) |
| गोपाल छेत्री | सिक्किम |
| सुपौंगमेरेन जमीर | नगालैंड |
| राजमोहन उन्नीथन | कासरगोड (केरल) |
| के सुधाकरन | कन्नूर (केरल) |
| शफी परमबिल | वडकर (केरल) |
| एमके राघवन | कोझिकोड (केरल) |
| वीके श्रीकंदन | पलक्कड़ (केरल) |
| रम्या हरिदास | अलाथुर (केरल) |
| के मुरलीधरन | त्रिशूर (केरल) |
| बेनी बहानन | चलकुड्डी (केरल) |
| हीबी इदीन | एर्नाकुलम (केरल)। |

## 19 विधायकों वाली कांग्रेस को आरजेडी ने दिखाया ठेंगा

**बिहार विधान परिषद में नहीं मिली एक भी सीट, आरजेडी और माले में बंट गई हिस्सेदारी**

**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल ने एमएलसी चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दी। उम्मीदवारों की घोषणा में राजद की ओर से विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी और वरिष्ठ पार्टी नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी भी शामिल हैं। साथ ही, दो अन्य उम्मीदवारों में राजद प्रवक्ता उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली हैं। बिहार में खाली हो रही 11 सीटों के लिए 21 मार्च को चुनाव होगा, जिसके लिए महागठबंधन ने पांच नाम फाइनल किए हैं, जिसमें राजद के चार उम्मीदवारों के अलावा भाकपा (माले) की शशि यादव भी शामिल हैं। द्विवार्षिक विधान परिषद् 2024 चुनाव के लिए महागठबंधन के उम्मीदवार 11 मार्च को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। उर्मिला ठाकुर आरजेडी की प्रवक्ता हैं और बेगूसराय और खगड़िया के इलाके में सियासी तौर पर सक्रिय रहती हैं।

**बिहार में भी लागू होगा महाराष्ट्र वाला फॉर्मूला!**

# भाजपा के आगे करना होगा नीतिश कुमार को 'त्याग'



**पटना (एजेंसी)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 195 नामों का ऐलान किया था। इस लिस्ट में यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली, बंगाल, हरियाणा समेत 10 राज्यों के उम्मीदवार शामिल थे। लेकिन अब तक महाराष्ट्र और बिहार की सीटों पर कोई ऐलान नहीं हुआ है। इसकी वजह यह है कि महाराष्ट्र में भाजपा की एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ खींचतान चल रही है। वहां भाजपा ने दोनों सहयोगियों को मिलाकर 13 सीट का ऑफर दिया और खुद 48 में से 35 पर लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने तर्क दिया है कि एकनाथ शिंदे को हमने कम विधायकों के बाद भी सीएम बनाया है।

ऐसे में उन्हें लोकसभा सीटों के मामले में त्याग करना चाहिए। अब ऐसी ही स्थिति बिहार में भी देखी जा रही है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा के साथ आए बिहार के सीएम नीतिश कुमार को यहां त्याग करना पड़ सकता है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी राज्य की 40 में से 22 पर लड़ने की तैयारी में है। वहीं जेडीयू को वह 12 से 14 सीटें ही देने के लिए तैयार है। इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों गुटों को मिलाकर 4 सीटें दी जा सकती हैं।

एक-एक सीट जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के खाते में जा सकती हैं। हालांकि अब तक जेडीयू की ओर से इस ऑफर पर सहमति नहीं दी गई है। इसी के चलते अब तक बिहार में सीट बंटवारा नहीं हो सका है। अब एक समस्या यह आ गई है कि नीतिश कुमार बुधवार को 4 दिनों के दौरे पर ब्रिटेन चले गए।

## अब भारत से रिश्ते मजबूत करना चाहता है तालिबान

**काबुल में भारतीय डेलीगेशन के साथ बैठक में कहा-उन्होंने हमेशा अफगानिस्तान की मदद की**

**काबुल (एजेंसी)।** भारत के एक डेलीगेशन ने गुरुवार को काबुल में तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने कहा- बैठक में दोनों देशों के रिश्तों और आर्थिक संबंधों पर बातचीत हुई। इस दौरान अफगानिस्तान ने भारत को मानवीय मदद पहुंचाते रहने के लिए धन्यवाद कहा। तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा- हम भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक स्तर पर रिश्तों को मजबूत करना चाहते हैं। इस दौरान विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों, छात्रों और मरीजों के लिए वीजा लेने की प्रक्रिया आसान करने की अपील की।

# खालिस्तानी अमृतपाल सिंह की जेल में सुरक्षा चूक

**जेल अधीक्षक ही हुआ अरेस्ट, यूएपीए समेत कई केस दर्ज**

**सिलचर (एजेंसी)।** असम पुलिस ने डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक निपेन दास को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें खालिस्तानी अमृताल सिंह और उसके 9 सहयोगियों की सुरक्षा में चूक के मामले में अरेस्ट किया गया है। यही नहीं निपेन दास पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आपराधिक साजिश रचने, असम पिज्नर्स ऐक्ट के तहत भी उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। डिब्रूगढ़ जिले के अडिशनल सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (क्राइम) सिजल अग्रवाल ने कहा कि गुरुवार की रात को निपेन दास को अरेस्ट किया गया। अग्रवाल ने बताया, यह मामला जेल के अंदर सुरक्षा चूक से जुड़ा है, जो बीते महीने सामने आया था। कई राउंड की जांच के बाद हमने निपेन दास को अरेस्ट किया है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला है। वह जेल के मुखिया थे। ऐसे में चूक की जिम्मेदारी भी उनकी बनती है। इससे पहले असम के डीजीपी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने 17 फरवरी को खुलासा किया था कि बहुत सारे अवैध गैजेट्स को डिब्रूगढ़ जेल के एनएसए सेल से बरामद किया गया है। इन गैजेट्स में स्पाई कैम, स्मार्टफोन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ आदि शामिल हैं। बता दें कि वारिस पंजाब दे से जुड़े अमृतपाल सिंह और उसके कई सहयोगियों को इसी जेल में रखा गया है। ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया था, जेल स्टाफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा सेल की तलाशी ली थी। इस दौरान सिम के साथ कई स्मार्टफोन, कीपैड फोन, टीवी रिमोट, स्पाईकैम, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर समेत कई चीजें बरामद हुईं। इसके बाद डीजीपी खुद 20 फरवरी को जेल के दौरे पर गए थे।



## आजमगढ़ में प्रस्तावित रैली से पहले आज काशी पहुंचेंगे पीएम

- **ज्ञानवापी में व्यास तहखाने का झांकी दर्शन कर सकते हैं मोदी, मांगेंगे 400 पार का आशीर्वाद**

**वाराणसी (एजेंसी)।** पीएम मोदी आजमगढ़ में प्रस्तावित रैली के पहले 9 मार्च को काशी प्रवास करेंगे। आम चुनाव की तारीख के ऐलान से ठीक पहले पीएम मोदी का एक पखवाड़े के अंदर दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन भी करेंगे। आजमगढ़ में पीएम मोदी का 10 मार्च को कार्यक्रम है। पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए एसपीजी ने रिहर्सल भी शुरू कर दी है। पीएम मोदी बरेका के गेस्ट हाउस में रुकेंगे। रात्रि विश्राम से पहले पीएम मोदी रात में होने वाली शयन आरती में भी शामिल हो सकते हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी व्यास जी के तहखाने का झांकी दर्शन भी कर सकते हैं। आजमगढ़ में प्रस्तावित दौरे में जाने से ठीक पहले पीएम नरेंद्र मोदी काशी में रात्रि विश्राम करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

## 12 घंटे में पुलिस ने लूट मामले का किया खुलासा-4 अंतरजिला के अपराधी हुए गिरफ्तार



सहरसा, एजेंसी। सहरसा में बुधवार को चंद्रकिशोर पोदार नामक व्यक्ति से बाइक सवार अपराधियों ने 30 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए थे। जिसे लेकर पीड़ित व्यक्ति ने सदर थाने मे आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं मामले में सहरसा पुलिस ने 12 घण्टे के अंदर खुलासा किया। वहीं बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त मामले को लेकर एसपी हिमांशु ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के कचहरी ढाला स्थित एसबीआई से 30 हजार रुपया लेकर जा रहे चंद्रकिशोर पौदार नामक व्यक्ति से छिनतई कर फरार हो गया था। इस मामले को लेकर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसका कांड संख्यां 228/24 है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में किया गया। जिसमें टेक्निकल टीम में शामिल साइबर डीएसपी अजित कुमार संभाल रहे थे। इस दौरान टीम ने बैंक के 25 से 30 कैमरों को खंगाला। जिसके बाद कुछ लोगों पर इनका शक हुआ। जिसके बाद तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कुछ लोगों को चिह्नित किया गया और कांड में संलिप्त 5 अपराधियों में 4 को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनकी पहचान पिंटू मिश्रा,रोहित पांडेय,सन्नी पांडे विशाल पांडे के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस गैंग को तिवारी नाम से जाना जाता है। इनकी गिरफ्तारी बेगूसराय जिले के फुलवरिया थानां क्षेत्र के वार्ड नं 11 गांव सोगराहा बरौनी से किया गया है। वही लूटी रकम के साथ एक बाइक सहित 4 मोबाइल को भी बरामद किया गया है।

## सड़क निर्माण की रखी गई आधारशिला करोड़ 18 लाख की लागत से होगी तैयारी

**बांका, एजेंसी।** बांका में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत अमरपुर बाजार से सलेमपुर होते हुए मादाचक गांव तक लगभग सात किलोमीटर सड़क निर्माण का बुधवार को सांसद गिरिधारी यादव एवं पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक जयंत राज कुशवाहा ने संयुक्तरूप से आधारशिला रखी।सात किलोमीटर सड़क का निर्माण 5 करोड़ 18 लाख से किया जायेगा। सड़क निर्माण होने से महमदपुर, गालीमपुर, मोगलानीचक, सलेमपुर, पूरनचक, मालदेवचक, कल्याणपुर, मादाचक, किशनपुर सहित दर्जन भर से अधिक गांवों एक बड़ी आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी। जो इन गांवों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय के अलावा रजौन, धोरैया एवं झारखंड आने-जाने में भी सुविधा होगी।सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बांका वन के द्वारा निर्माण एजेंसी महाकाल कंपनी औरंगाबाद द्वारा किया जायेगा।पूर्व मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रत्यनशील हैं।ग्रामीण कार्य विभाग या फिर लघु जल संसाधन विभाग का मंत्री रहते बांका जिला में कई सड़क निर्माण एवं पोखर, बांध की खोदाई का कार्य कराया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार, पंकज दास,जिलाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, बालेश्वर गांधी, ई. नीरज शर्मा, शिव प्रसाद मंडल, गणेश लाल दास सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर बिहार से गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में थे बदमाश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के गिरोह के दो शार्प शूटरों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है।लॉरेंस के शूटर सुनील बारोलिया और शहनवाज शाहिद को मुजफ्फरपुर में दबोचा गया है। मुजफ्फरपुर डीआईयू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को सीतामढ़ी रोड पर एक बस से गिरफ्तार किया। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे।डीआईयू टीम ने हरियाणा पुलिस को इनके धरे जाने की सूचना दी।दोनों से सघन पूछताछ की जा रही है।हरियाणा क्राइम ब्रांच की टीम दोनों को ले जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुनील मूलरूप से राजस्थान के जयपुर और शहनवाज सीतामढ़ी का निवासी है।फिलहाल, शहनवाज रोहतक में रह रहा था। दोनों शार्प शूटर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और यूपी में कई मामलों में वांटेड हैं। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना इलाके में दरभंगा फोरलेन पर मंगलवार देर रात अपराधियों ने बाइक सवार पर फायरिंग कर दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा और नई बाइक जब्त की है।हालांकि, मौके पर कोई भी घायल शख्स नहीं मिला।पुलिस ने बुधवार देर शाम तक इलाके के सभी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम में तलाश भी की। मगर गोलीबारी में घायल शख्स का पता नहीं लग पाया है।पुलिस अब बाइक के इंजन और चेसिस नंबर के जरिए उसके मालिक का पता लगाने में जुटी है।अहियापुर थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि दरभंगा फोरलेन पर एक बाइक सवार को गोली मारे जाने की सूचना मिली।इसके बाद गश्ती दल को मौके पर भेजा गया।वहां एक बाइक लावारिस हालत में मिली। थानेदार ने बताया कि बाइक मालिक के मिलने के बाद ही घटना का पता लग पाएगा।

# बिहार सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में ईओयू का बड़ा एक्शन, चयन पर्षद कार्यालय को खंगाला




**पटना, एजेंसी।** बिहार में 21 हजार से अधिक सिपाहियों की भर्ती को लेकर हुई परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू ) गुरुवार की दोपहर अचानक केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) कार्यालय पहुंच गयी. एएसपी व डीएसपी के नेतृत्व में इओयू की अलग-अलग टीम ने चयन पर्षद के पुराने व नये दोनों कार्यालयों में न सिर्फ परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों की जांच की, बल्कि पर्षद के पदाधिकारी व कर्मियों से परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित पूछताछ भी की. जांच अभियान देर रात तक जारी रहा.

पर्षद कार्यालय की जांच को लेकर इओयू ने कोर्ट से सर्च वारंट प्राप्त किया था. इस दौरान इओयू की टीम ने पर्षद के पदाधिकारी-कर्मियों से जानना चाहा कि परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र छपवाने से लेकर उसे बांटने की जिम्मेदारी किनके पास थी ? प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्रों पर किस माध्यम से पहुंचा ? इसकी मानीटरिंग आदि की क्या व्यवस्था थी ? इससे जुड़े दस्तावेजों को भी सुरक्षित रखा गया है.

**148 लोग हो चुके हैं गिरफ्तार :** मालूम हो कि सिपाही भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा पिछले साल एक अक्तूबर को ली गयी थी, मगर कदाचार और अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद इसे रद कर दिया गया था. इस मामले में राज्य भर में 64 कांड दर्ज करते हुए पुलिस ने 148 लोगों को गिरफ्तार किया था. इओयू ने 31 अक्तूबर 2023 को अलग से प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी कांडों का समेकित अनुसंधान शुरू किया था. इसमें जालसाजी के साथ आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था.

**अबतक जांच में क्या पता चला :** इओयू के अनुसार, अब तक की जांच में पता चला है कि सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र और आंसर-की बाहर आ गये थे. नवादा और पटना में जो साक्ष्य मिले हैं, उसके अनुसार डेढ़ से दो घंटे पहले ही अभ्यर्थियों को आंसर-की मिल गया था. जब आंसर-की दो घंटे पहले मिला है, तो निश्चित ही प्रश्न-पत्र और पहले आ गये होंगे. यह प्रश्नपत्र सबसे पहले कहां से लीक हुआ, किसने लीक किया, इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन सारे बिंदुओं की जांच इओयू कर रही है. एसआइटी की जांच में परीक्षा में गड़बड़ी के साथ ही वित्तीय लेन-देन के साक्ष्य भी मिले हैं. इओयू के डीआइजी मानवजीत सिंह ढिल्लन के नेतृत्व में बना विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच कर रहा है. एडीजी नैयर हसनैन खान के स्तर से पूरे मामले की मानीटरिंग की जा रही है.

**अध्यक्ष बदले गए :** मालूम हो कि केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के तत्कालीन अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एसके सिंघल को पहले ही हटाया जा चुका है. सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी और फिर परीक्षा में हो रही देरी को देखते हुए राज्य सरकार ने पिछले साल दिसंबर में ही एसके सिंघल को पद से हटा दिया था. एक दिन पूर्व ही गृह विभाग ने सीआइडी के एडीजी रहे जितेंद्र कुमार को सिपाही भर्ती का पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया है.

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, ट्रक ने बाइक में मार दी टक्कर

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर में बाइक सवार 2 दोस्तों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। दोनों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। मृतक बक्सर जिला के बगेन थाना क्षेत्र के बराढी गांव निवासी नन्हू यादव के 35 वर्षीय पुत्र सोना लाल और मनभरण यादव का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल है। सोना लाल अपनी पत्नी को मायके से लाने के लिए गुरुवार शाम दोस्त राहुल संग निकले थे। शुक्रवार को वे लोग वापस लौटते, पर ससुराल जाने के दौरान सोना लाला और उनके दोस्त राहुल हादसे के शिकार हो गए। उनकी मौत हो गई। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया चौरस्ता स्थित अमराई होटल की है। मृतक सोना लाल कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी और चौकीदार गणपत यादव के दामाद हैं। मृतक सोना लाल के भाई ललन यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम ससुराल से फोन आया था। इसके बाद वह अपने दोस्त राहुल कुमार के साथ कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव अपने ससुराल जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। स्थानीय थाना ने उन्हें जख्मी हालत में इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। जहां से आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सदर अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को सूचना दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया।

## बिहार में रेल हादसा टला, बेपटरी होते बची तेजस राजधानी एक्सप्रेस




**भागलपुर, एजेंसी।** करीब 52 दिनों से रूट बदलकर जमालपुर, किऊल और भागलपुर रास्ते चल रही आनंदविहार-अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार को किऊल से जमालपुर के बीच दशरथपुर स्टेशन के पास बेपटरी होते बच गई। जानकारी के अनुसार तेजस राजधानी एक्स्प्रेस किऊल से जमालपुर की ओर बढ़ी। ट्रेन की गति 110 किमी प्रतिघंटा थी। इस बीच ट्रेन दशरथपुर के स्टॉटर के पास क्रॉसिंग के दौरान ही अचानक ऑटोमेटिक सिग्नल फ्लाई (सिग्नल लाल) हो गयी। ट्रेन के चालक और गार्ड ने लाल बत्ती देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। आपातकालीन ब्रेक लगने से जहां गाड़ी जस की तस रूक गयी। यात्रियों को झटके भी झेलनी पड़ी है। हालांकि इस बीच ट्रेन करीब दस मिनट तक दशरथपुर स्टॉटर के पास खड़ी रही। घटना की सूचना मिलते जमालपुर, मालदा सहित रेलवे बोर्ड तक खलबली मच गयी। पूर्व रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने बताया कि राजधानी एक्सप्रेस हाई स्पीड में चलती है। दशरथपुर स्टेशन के स्टार्टर के पास हुई ऑटोमेटिक सिग्नल फ्लाई होने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक ली, ताकि घटना-दुर्घटना न हो। वैसे इस तरह का ऑटोमेटिक सिग्नल फलाई होता रहता है। आनंद विहार से अगरतला जा रही तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का जमालपुर आने का समय सुबह 11.35 बजे है। लेकिन ट्रेन यहां आठ मिनट पूर्व यानि 11.27 बजे ही पहुंच गयी। इससे पूर्व दशरथरपुर के स्टार्टर के पास अचानक ऑटोमेटिक सिग्नल फ्लाई होने से ट्रेन सुबह 10.55 बजे रुक गयी और 11.05 बजे खुली। इससे पूर्व गरीबरथ एक्सप्रेस दशरथपुर स्टेशन पर सुबह 10.38 से 10.42 तक रुकी रही।

# लोकसभा चुनावः सीमांचल पर असमंजस में सभी दल, टिकट फाइनल करने में फंस रहा पेंच



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर किसी भी दिन अधिसूचना जारी हो सकती है। सीमांचल में पहले चरण में चुनाव होते रहा है। ऐसे में अप्रैल में यहां चुनाव संभावित है। चुनावी बिगुल बजने वाला है लेकिन टिकट की मुश्किल बरकरार है। अल्पसंख्यक बहुल सीमांचल में जदयू के पाले में दो, कांग्रेस और भाजपा के पास एक-एक सीट है। पूर्णिया व कटिहार सीट जदयू के पास, किशनगंज कांग्रेस और अररिया सीट भाजपा के पास है। सीमांचल की राजनीति पर पटना से लेकर दिल्ली तक की नजर रहती है। 2024 लोस चुनाव से ठीक पहले जदयू व भाजपा के एक साथ आने से स्थिति फिर कमोबेश 2019 की तरह ही हो गयी है। मगर इस बार टिकट का पेश है। अभी तक जदयू-भाजपा, कांग्रेस व राजद ने न तो सीट व न ही प्रत्याशियों को लेकर कोई निर्णय लिया है। अलबत्ता सीमांचल की राजनीति में जाप व एआईएमआईएम भी पूरा जोर लगा रही है।

**पूर्णिया-कटिहार सीट पर भाजपा का भी डोल रहा मन :** बिहार में सियासी उलटफेर के बाद अब एनडीए एकबार फिर राज्य की सत्ता पर काबिज है। चार में तीन सीट एनडीए के पास है। इन सीटों को बरकरार रखना एनडीए के लिए किसी चुनौती से कम नहीं। भाजपा और जदयू के बीच सीट और प्रत्याशी को लेकर बैठकें हो रही हैं मगर हाईकमान अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है। अभी अररिया सीट से भाजपा के प्रदीप सिंह, पूर्णिया से जदयू के संतोष कुशवाहा व कटिहार से जदयू के दुलालचंद गोस्वामी सांसद हैं। पूर्णिया व कटिहार सीट पर भाजपा का भी मन डोल रहा है जबकि जदयू इसे देने को तैयार नहीं दिख रहा। इधर, जदयू के अंदर भी कुछ नए चेहरे टिकट के दावेदार हैं। सभी को हाईकमान के फैसले का इंतजार है।

तीन सीटों पर लड़ी थी कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में सीमांचल में कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ी थी। किशनगंज में उसे जीत मिली थी। यहां से मो. जावेद जीते। पूर्णिया व कटिहार में कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी। पूर्णिया में उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह तो कटिहार से तारिक अनवर मैदान में थे। इस बार सीमांचल में कांग्रेस और राजद कितने सीटों पर चुनाव लड़ती है, इस पर निर्णय होना बाकी है। राहुल गांधी के सीमांचल में आने पर कांग्रेसियों में जोश नजर आया। कटिहार पर इस बार भाकपा माले पर दावेदारी कर रही है।

ओवैसी की राह आसान नहीं असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी सीमांचल की राजनीति में सक्रिय है। पिछ्ल सप्ताह ओवैसी ने किशनगंज और पूर्णिया रैली भी की। ओवैसी भी सीमांचल की सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे। विधानसभा चुनाव में सीमांचल की धरती ने औवेसी के पतंग को उड़ान दी थी।

## पछुआ के प्रभाव से सुबह शाम ठंड तो दोपहर में गर्मी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में मौसम का मिजाज मानव स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मोड़ पर है। पछुआ हवा का प्रभाव देखा जा रहा है जिसके कारण 24 घंटे में अलग-अलग समय में मौसम के तेवर बदले हुए रहते हैं। अमूमन सुबह और शाम में सर्दी सताने लगती है जबकि दोपहर में गर्मी लगती है। मार्च के शुरुआती दिनों में पहाड़ी इलाकों में हिमपात की स्थिति बन रही है। इसलिए शाम केतापमान में गिरावट देखी जा रही है। लेकिन दोपहर में तेज धूप की वजह से हाफ स्वेटर पहनना भी मुश्किल होता है। डॉक्टर का कहना है कि इस मौसम में बहुत सावधानी की जरूरत पड़ती है क्योंकि बीमार पड़ने का खतरा बहुत बढ़ जाता है। बृहस्तपतिवार को शाम में तापमान में गिरावट का ट्रेंड दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आज गुरुवार को बिहार का अधिकतम तापमान 26 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है। बताया जा रहा है कि दिन और रात का तापमान अगले तीन से चार दिनों तक ऐसा ही रहने का पूर्वानुमान है। आम तौर पर मार्च के महीने में रात में भी गर्मी लगने लगती है। लेकिन इस साल उल्टी स्थिति देखी जा रही है। पछुआ हवा के कारण पटना और आसपास इलाकों में सुबह और शाम में ठंड पड़ने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार 15 से 20 किमी की रफ्तार से पछुआ हवा चलने की भी संभावना है। मौसम के जानकार वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार पटेल का कहना है कि मार्च से लेकर 31 मई तक प्री मॉनसून के मौसम है। इस महीने के शुरुआती दिनों में उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में इस सीजन का सबसे भारी हिमपात की स्थिति है। इसमें देरी का असर बिहार के मौसम पर भी दिख रहा है। जानकार बताते हैं कि इसे मार्च की बजाय जनवरी में होना चाहिए था। यही कारण है कि 03 मार्च से बिहार में बेमौसम हल्की बारिश भी हुई। बारिश और उत्तर पश्चिम की तरफ से आने वाली सर्द हवा के कारण मौसम की स्थिति में बदलाव आया है। तापमान बढ़ने के बजाय घटने लगा है लेकिन दोपहर में गर्मी लगती है। वैज्ञानिक शैलेंद्र पटेल का कहना है कि 10 मार्च के बाद पश्चिमी विक्षोभ हिमालय की क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।

## कर्ज में डूबे दंपती ने कर ली थी आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सकरा वाजिद में कर्ज के दुष्चक्र में फंसे बुजुर्ग दंपती को सुसाइड करने के लिए फाइनेंस कर्मियों ने उकसाया था। घटना के एक दिन पहले चार-पांच फाइनेंस कर्मी दंपती (शिवनाथ दास-भुखली देवी) के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए घर का सामान फेंक दिया। कर्मचारियों ने कहा कि जब दोनों मर जाओगे तो कंपनी कर्ज माफ कर देगी। इसी तनाव व दबाव में दंपती ने सुसाइड कर लिया। इस बात का खुलासा करते हुए बड़े बेटे रामबाबू दास ने सकरा थाने में 4 माइक्रो फाइनेंस कंपनी और अन्य के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कराई।

प्राथमिकी में रामबाबू बताया कि मां-पिता वृद्धा पेंशन उठा रहे थे। दोनों अनपढ़ थे, इसलिए उम्र कम करने के लिए माइक्रो फाइनेंस के स्टाफ ने उनका फर्जी आधार कार्ड बनवा कर लोन दिया। एक-एक कर चार माइक्रो फाइनेंस कंपनी से उसके कर्मियों ने दंपती को लोन उठवा दिया, लेकिन किस्त नहीं देने पर हर 15 दिन पर कंपनी के स्टाफ घर आकर दबाव बना रहे थे। गाली-गलौज व धमकी देते थे। घटना से एक दिन पहले चार-पांच लोग पहुंच कर किस्त के लिए गाली-गलौज करने लगे। मारपीट भी की। घर का सामान उठाकर बाहर में फेंक दिया। जाते-जाते उन लोगों ने कहा कि तुम दोनों मर जाओगे तो लोन का पैसा पूरा हो जाएगा।

# मोतिहारी में पेट्रोल-डीजल के गैलन में ब्लास्ट, सिलेंडर लीक होने से घर में लगी थी आग



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के एक घर में गुरुवार रात सिलेंडर लीक करने की वजह से आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। जिसके घर में आग लगी थी वो अवैध तरीके से गांव में डीजल और पेट्रोल की बिक्री करता था। लिहाजा, गैलन में रखे पेट्रोल और डीजल तक आग पहुंच गई। आग बुझाने की कोशिश कर रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते जोरदार ब्लास्ट हुआ। उसके बाद सभी गांव वाले वहां से भाग निकले। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा हुआ सारा सामान जल कर राख हो गया। गनीमत की बात रही कि आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना छौड़ादानो थाना क्षेत्र के दुहो सहो फतुआ गांव की है।

**आग बुझाने के दौरान हुआ ब्लास्ट :** बताया जा रहा है कि दुहो सहो फतुआ गांव निवासी जगत साह के घर में रसोई गैस रिसाव ने कारण आग लग गई। गैस में आग लगने के बाद आग काफी तेजी से घर में फैल गई। आग का धुआं देख ग्रामीण आग बुझाने के लिए जब पहुंचे तो एक जोरदार ब्लास्ट हुआ। अवैध तरीके से घर में रखा था डीजल-पेट्रोल जगत साह घर से डीजल और पेट्रोल का अवैध काम करता है। इसलिए उसने घर में डीजल और पेट्रोल रखा था, जिससे कारण आग और तेजी से फैल गई, विस्फोट के बाद आग ने पड़ोसी मो. कमरुल्लाह के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। बढ़ती आग की लपट को देख ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मोतिहारी रक्सौल और छोड़ादानो से 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी में दोनों के घर का पूरा सामान जल कर राख हो गया है। वहीं घटना के बाद जगत साह घर फरार बताया जा रहा है। क्या कहते हैं अग्निशमन पदाधिकारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी तृप्ति सिंह ने बताया कि एक पक्के मकान में आग लगने की सूचना मिली। अलग-अलग जगह से 6 फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई। आग पर काबू पा लिया गया है। जान का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# एमएलसी चुनाव : महागठबंधन से 5 प्रत्याशी, राजद से 4, माले से एक उम्मीदवार







**पटना, एजेंसी।** बिहार विधान परिषद चुनाव में महागठबंधन की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इनमें राजद के चार और भाकपा-माले के एक उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश करेंगे। राजद सूत्रों ने बताया कि पार्टी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी, पार्टी प्रदेश प्रवक्ता सह महिला राजद की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उर्मिला ठाकुर, शिवहर संसदीय क्षेत्र के पूर्व उम्मीदवार फैसल अली एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष रितू जायसवाल, संस्कृति शिक्षा बोर्ड के सदस्य श्रीनारायण महतो में से किन्हीं चार द्वारा उम्मीदवारी पेश की जा सकती है। इनमें राबड़ी देवी और अब्दुलबारी सिद्दीकी का नाम प्राय तय है जबकि दो अन्य नामों की घोषणा जल्द ही पार्टी करेगी। भाकपा-माले ने अपने कोटे में आने वाली एकमात्र सीट पर शशि यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस को इस बार विप चुनाव में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी। उसके नेता प्रेमचंद मिश्रा ने कार्यकाल पूरा किया है। बात अगर समीकरणों की करें तो विधान परिषद की एक सीट पर जीत के लिए विधानसभा के 21 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। ऐसे में संख्या बल के हिसाब से एनडीए छह सीटों पर जीत हासिल करता हुआ दिख रहा है। वहीं महागठबंधन ने 5 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। गठबंधन की सभी 5 सीटों पर जीत को लेकर थोड़ा सस्पेंस बढ़ गया है। क्योंकि अभी तक आरजेडी के 4 विधायक नीतीश की नेतृत्व वाले एनडीए के पाले में जा चुके हैं। विपक्ष को पांच सीटों पर जीत के लिए 105 विधायकों के वोट की जरूरत होगी। ऐसे में महागठबंधन की राह मुश्किल नजर आ रही है। विधानसभा में दलों की स्थिति की बात करें तो 78 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। राजद के 79 विधायकों में से 4 के जदयू खेमे में आ जाने से उनकी संख्या अब 79 से घटकर अब 75 रह गई है। एनडीए के जदयू के 45, हम के चार विधायक हैं। महागठबंधन में कांग्रेस के 19, भाकपा माले के 11, माकपा और भाकपा के चार तथा एक निर्दलीय और एएमआइएएम के एक विधायक हैं। आपको बता दें एमएलसी की खाली हो रहीं 11 सीटों पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। जिन सदस्यों की सीटें खाली हो रही हैं। उनमें जदयू अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मंत्री संजय झा, खालिद अनवर, रामेश्वर महतो शामिल हैं। इनके अलावा राजद की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, और रामचंद्र पूर्वे। वहीं भाजपा से शाहनवाज हुसैन, मंगल पांडेय, संजय पासवान का नाम शामिल हैं। कांग्रेस से प्रेमचंद्र मिश्रा और हम सेक्युलर से संतोष कुमार सुमन की सीट खाली हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बगहा के बथवरिया में आग लगने से 9 घर जलकर राख अग्निशमन वाहन पलटा



**चाणक्य भूमि बगहा।** बगहा के बथवरिया में आग लगने से 9 घर पूरी तरह जलकर राख हो गये । घटना गुरुवार को बथवरिया पंचायत के मानपुर मठिया वार्ड नं 7 में हुई। आग पर स्थानीय लोगों और अग्निशमन के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अचानक आग लगने से दर्जनों घर जलकर खाक हो गया है। जिसमें तकरीबन 3 लाख रुपए कि संपत्ति के साथ अनाज जेवरात सहित जलकर खाक हो गया है। अगलगी की घटना में जिन लोगों का नुकसान हुआ है उनमे प्रमुख है प्रभु महतो, प्रभु साह, नरेश साह, विनोद महतो, नरेश महतो, नागु महतो, गोबरी महतो, कुंदन महतो इत्यादि। मुखिया पति सुदर्शन चौधरी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है, इसकी सूचना प्रखंड मुख्यालय को दे दी गई है, जो सहयोग होगा उसे किया जाएगा। फायर जिला समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि बगहा के बथवरिया थाने में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसे बुझाने के लिए बगहा फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बथुवारिया जा रही थी। इसी दौरान छत्रौल के पास एक बच्ची को बचाने के क्रम में फायर ब्रिगेड गाड़ी का चालक अनियंत्रित हो गया।

### चनपटिया के पड़ूकिया में फंदे से लटकता मिला महिला का शव



**चाणक्य भूमि बेतिया।** चनपटिया में एक महिला का शव उसके घर मे फंदे से लटका मिला लेकिन पुलिस के आने से पहले परिवारवालों ने शव को फंदे से उतार लिया था जिस वजह से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना चनपटिया थाना क्षेत्र के पड़ूकिया गांव की है। ग्रामीणों ने बताया कि रंजू गांव के ही शिव मंदिर में पूजा करने गई थी। पूजा करने के बाद दोपहर में घर आई। इसके बाद मृतका की सास ने उसको फंदे से लटकते देखा और परिजनों को बताया। मृतका के देवर रामप्रवेश कुशवाहा ने इसकी सूचना उसके मायके वालों और पुलिस को दी। उसने बताया कि घटना के वक्त उसका भाई सोनालाल महतो काम करने गया था। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के पड़ूकिया वार्ड नंबर-18 निवासी सोनालाल महतो की 35 साल की पत्नी रंजू देवी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच भेजा गया है।

### छौड़ादानो थाना क्षेत्र के दुहो सहो फतुआ गांव में आग से लाखो का नुकसान



**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** छौड़ादानो के फतुआ गांव में एक घर में गुरुवार रात सिलेंडर लीक करने की वजह से आग लग गई बतायी जा रही है।लोगों के अनुसार जिस घर में आग लगी थी वो अवैध तरीके से गांव में डीजल और पेट्रोल की बिक्री करता था। लिहाजा, गैलन में रखे पेट्रोल और डीजल तक आग पहुंच गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा हुआ सारा सामान जल कर राख हो गया। गनीमत की बात रही कि आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना छौड़ादानो थाना क्षेत्र के दुहो सहो फतुआ गांव की है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी तृप्ति सिंह ने बताया कि एक पक्के मकान में आग लगने की सूचना मिली। अलग-अलग जगह से 6 फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। जान का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेट बैंक के सामने किया प्रदर्शन

» गुरुवार को बेतिया जिला के वरिष्ट कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन चुनावी बंध पत्र मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुपालन नहीं करने के कारण हुआ




**चाणक्य भूमि बेतिया।** बता दे कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बंध पत्र को सार्वजनिक करने की बात कही थी परंतु अभी तक स्टेट बैंक ने इसको सार्वजनिक नहीं किया है। इस सम्बंध में भारत भूषण दुबे ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मंशा इसे चुनाव बाद सार्वजनिक करने की है ताकि इसका फायदा भाजपा द्वारा चुनाव में उठाया जाय। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। उनका यह प्रदर्शन केदार आश्रम से शुरू होकर नगर भ्रमण के पश्चात बैंक के मुख्य द्वार पर समाप्त हुआ।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत



» बैठनिया के गुरचुरवा की घटना

» नहीं हो पायी बाइक चालक की पहचान




**चाणक्य भूमि (कनकलता), बेतिया।** गुरचुरवा में संध्या करीब सवा सात बजे तेज रफ्तार बाइक चालक ने ईंट लदे खड़ा ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मारी।नतीजन घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गयी।मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बेतिया भेजा।घटना बैठनिया भनाचक पंचायत केगुरचुरवा वार्ड नंबर 07 की है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि मृत युवक की शिनाख्त नही हुआ है।पोस्टमार्टम के बाद शव को थाना परिसर में पहचान के लिये रखा जायेगा।मृत युवक जीन्स औरकाला टीशर्ट पहना है।क्षतिग्रस्त एचएफ डिलक्स बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबरबीआर 22 बीसी1870 है।शव को देखने लोगों की भीड़ उमड़ी।बताया गया है कि ईंट लदा ट्रैक्टर सुबह से ही खराब पडा है,और चालक नदारत है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

### अंजबित सिंह कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थीयों ने लिया भाग

**चाण्क्य भूमि।बिक्रमगंज(रोहतास)।**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर अंजबित सिंह कॉलेज बिक्रमगंज में विद्यार्थियों के बीच कराए गए प्रतियोगिता। कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में ष्विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका व अपेक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की बदलती तस्वीरष् विषयक चित्रकला, भाषण एवं लोक-गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम चित्रकला प्रतियोगिता का डॉ0 सरीता कुमारी व डॉ0 शशिभूषण ने संयुक्त रूप से संचालन करते हुए विषय बिंदु से प्रतिभागियों को परिचित कराया और निर्णायक मंडल संग सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। निर्णायक मंडल डॉ0 संतोष कुमार सिंह, मो0 फजल अहमद एवं मेघा ने प्रतियोगिता की बारीकियों को बताने के साथ मूल्यांकन के कसौटियों को रेखांकित किया। अच्छी चित्रकारी की शुभकामना दिए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी स्नातक द्वितीय वर्ष (राजनीति शास्त्र), द्वितीय स्थान कृति कुमारी स्नातक सेमेस्टर-1 (मनोविज्ञान) तथा तृतीय स्थान नेहा कुमारी स्नातक तृतीय वर्ष (इतिहास) ने प्राप्त किया साथ ही नूरजहां खातून स्नातक सेमेस्टर-1 (राजनीति शास्त्र) एवं ज्योति स्नातक सेमेस्टर-1 (गणित) सांत्वना पुरस्कार के लिए चुनी गयी। भाषण प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों का स्वागत व परिचय डॉ0 अनील कुमार व संचालन डॉ0 रविकांत पांडेय ने किया। निर्णायक मंडल डॉ0 कन्हैया



सिंह ने प्रतियोगिता के मुख्य उद्देश्य व विषय की महत्ता को रेखांकित किये। डॉ0 प्रिया ने प्रस्तुतिकरण व समय सीमा के बारे में बताई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रागिनी कुमारी, द्वितीय स्थान जूही व तीसरे स्थान पर इंटरमीडिएट की छात्रा हर्षिता भारती रही। अच्छे प्रस्तुतिकरण को ध्यान में रखते हुए खुशी कुमारी स्नातक सेमेस्टर-1, प्रियंका कुमारी, सोम्या मिश्रा, सोनाली कुमारी एवं शिवानी राज सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गए। भाषण प्रतियोगिता के समय वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर के प्राचार्य डॉ0 सुरेन्द्र कुमार सिंह एवं शेरशाह महाविद्यालय के अनुपम कुमार उपस्थित हो प्रतिभागियों का हौसलाअफजाई किये। लोक-गायन प्रतियोगिता का संचालन व निर्णायक मंडल के सदस्यों का परिचय एवं स्वागत गजाला शाहिना ने किया। निर्णायक मंडल चंद्रशेखर कुमार व मुनमुन चैधरी ने लोक-गायन की आवश्यकता से प्रतिभागियों को परिचित कराया एवं प्रस्तुतिकरण के तरीके को रेखांकित किया। लोक-गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा कुमारी स्नातक तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर इंटरमीडिएट की छात्रा निधि कुमारी एवं तृतीय स्थान पर प्रीति कुमारी रही। कार्यक्रमों में करीब 150 पर्तिभागियों ने अपनी प्रस्तुति किया।पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह का संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 संतोष कुमार ने अतिथियों एवं सभी कार्यक्रमों के निर्णायक मंडल, संचालक व व्यवस्थापक सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम विवरण की विस्तृत जानकारी गजाला शाहीना द्वारा प्रस्तुत की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि प्रो० बीर बहादुर सिंह (पूर्व प्राचार्य, वी० कु० सिं० महाविद्यालय, धारूपुर), अनजबित सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुधांशु शेखर भास्करम ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया । मुख्य अतिथि के आशीर्वचन से सायंकालीन में भी प्रतिभागी तरोताजा और उत्साहित नजर आये। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ0 भास्करम ने महाविद्यालय में लगातार हो रहे इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के बढ़ते रूचि पर संतोष जाहिर किया एवं सभी आयोजक मंडल का आभार जताया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के जरुरी आयाम को रेखांकित किया। अतिथियों, प्राध्यापकों, प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में शिरकत करने व सफल बनाने पर धन्यवाद व आभार प्रकट किया। ज्ञातव्य हो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम सचिव गजाला शाहिना, समन्वयक डॉ0 सरीता कुमारी, संयोजक डॉ0 विजय कुमार गौड़ ,अध्यक्ष डॉ0 संतोष कुमार, मनोविज्ञान विभाग के डॉ0 सरफराज अहमद, हरेन्द्र कुमार सिंह के साथ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

# महाशिवरात्रि पर निकाली गई झांकी, भक्तों में उत्साह

**चाण्क्य भूमि/चेनारी।**

चेनारी के मुख्य बाजार में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिससे शिव भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला।बता दें कि इस मौके पर शिव मंदिर से पूरे बजार के चारों तरफ भक्ति गीत, हाथी, घोड़े और भूत प्रेत की बरात सहित हजारों की संख्या में भगवा कलर के झंडा लिए हुए लोगों ने जुलूश निकाला।बजार के चारों तरफ हर-हर महादेव और जय भोले शंकर की जयघोष से पूरे बजार भक्ति के रंगों में गुंजता रहा।इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण इलाके से भी काफी संख्या में आमलोगों ने भाग लिया।शिवरात्रि को पूरा दिन हर- हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। बताते चलें कि चेनारी में पिछले दस साल से यह परंपरा चलते आ रहा है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दिन



में जुलूश और रात में शिव- पार्वती वेश में बने यूवक और यूवती की विधिवत विवाह कराई जाती है तथा शिव झांकी निकाली जाती हैं।जिसमें दूर- दूर के कलाकार हिस्सा लेते है।एक शिव यानि लड़का पक्ष और दूसरा पार्वती पक्ष यानि लड़की पक्ष लेकिन दोनों पक्ष के लोग साथ होकर एक साथ काम करते हैं और सुबह जुलूश के बाद रात्रि में शिव पार्वती विवाह किया जाता है।शिव-पार्वती विवाह के समय लगभग तीन हजार महिला इस विवाह को देखने के लिए आती है।यह कार्यक्रम सुबह से रात्रि लगभग चार बजे भोर तक चलता है और बजार के इर्द-गिर्द सभी गांव के लोग पहुंचकर इस शिव- विवाह और संस्कृति कार्यक्रम के आनंद लेते है और हर हर महादेव के भक्ति में लीन हो जाते है। भक्ति लाइन कमेटी के सदस्य सह समाजसेवी रमेश तिवारी ने बताया कि राजस्थान के कलाकारो के द्वारा यह कार्यक्रम किया जाता है। पूरे रात राजस्थानी कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि के जुलूस में भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात रहे इस दौरान थानाध्यक्ष रंजन कुमार,सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर एक लाख पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**चाण्क्य भूमि । रिया सिंह**

**मीडिया दर्शन/चेनारी।** प्रसिद्ध गुप्ता धाम में महाशिवरात्रि अवसर पर लगी पाँच दिवसीय मेले में से गुरुवार की रात्रि 9बजे से शुक्रवार की दोपहर तीन बजे तक एक लाख पचास से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है। वही पचास हजार से अधिक श्रद्धालु धाम परिसर के अगल-बगल एवं पहाड़ी इलाकों में जहां तहां रुके हुए थे।श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने के बाद रात्रि में जलाभिषेक करेंगे। गुप्ता धाम के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की सुबह से ही गुफा द्वार पर भक्तों की लंबी कतार लगी थी। जिसे धाम परिषद में पहुंची पुलिस और पहाड़ी समाजसेवियों द्वारा कतार बध किया जा रहा था। नव बजने के बाद हल्की ठंड मे हजारों श्रद्धालु नंगे पांव दर्शन के लिए खड़े थे। भीड़ इतनी थी कि कई श्रद्धालु मुख्य द्वार पर ही जलाभिषेक कर लौट जा रहे थे, तो कई श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए गुफा के



अंदर प्रवेश कर रहे थे।बुजुर्ग महिला श्रद्धालु गुफा के अंदर जाने से इनकार करते हुए मुख्य द्वार पर ही पूजा अर्चना कर लौट आए गुफा में कहीं कहीं ऑक्सीजन की कमी से श्रद्धालुओं को हल्की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिससे श्रद्धालु को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।कोई श्रद्धालु पहाड़ के आढ में बैठ कर राहत की सांस ले रहे थे तो कोई भीड़ के किनारे से हटकर पेड़ पौधे व झाड़ियों के बीच अपनी अंगोझी ओढ़ बैठे हुए थे कई नन्हे-मुन्ने बच्चे पानी के लिए चिल्ला रहे थे।धाम पर पहली बार समरसेबूल की व्यवस्था की गई थी। जिससे भक्तों की काफी रहात था जिससे दस नल चल रहे थे।जहां पानी पीने वाले लोगों की काफी भीड़ लग रही थी इस मेले में सबसे अधिक परेशानी पेयजल की हुई पेयजल के लिए भक्त जंगलों में दौड़ लगाते रहें। एक दूसरे से पूछ कर नदी नाले झरना पता लगाकर वहां पर बोतलों से पानी लेकर प्यास बुझा रहे थे। हालांकि धाम परिसर में दस चापाकल सुचारू रूप से चल रहे थे वहीं आठ चापाकल अभी भी बंद पड़े हुए हैं। कुछ श्रद्धालुओं ने बताया की धाम पर व्यवस्था नहीं की गई थी।गुफा में कहीं-कहीं लाइट जल रहा था सबसे अधिक परेशानी नन्हे मुन्ने बच्चे वह महिलाओं की हुई है।

# मॉक ड्रिल के जरिए दी गई आग बुझाने की जानकारी

» आग लगने पर फायर बिग्रेड की मदद के लिए डॉयल करे 101

**चाण्क्य भूमि/तिलौथू(रोहतास)।**

**तिलौथू प्रखण्ड** क्षेत्र के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय महराजगंज में जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश कुमार पांडेय के अध्यक्ष में अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल के जरिए स्कूल के बच्चे एवं उपस्थित शिक्षकों को आग पर काबू पाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। अग्निक अजित कुमार ने विस्तार पूर्वक बताया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना चाहिए तथा रास्ते में अग्निशमन वाहन को देखने पर उनका क्या व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिस जगह पर आग लगने की आशंका हो वहां बाल्टी में पानी व मग और सूती कपड़ा



का गमछा तथा बालू मौजूद रहने पर आग की शुरुआत में ही उसे बुझाने में काफी मदद मिल सकती है। आग लगने पर लोगों को आग की प्रकृति का अवलोकन कर तत्काल उसे बुझाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि उसके फैल जाने पर उसे बुझाना मुश्किल हो जाता है। आग लगने पर तुरंत उस पर बाल्टी व मग से पानी डाल दिया जाए या बालू डाल दिया जाए तो आग बुझ जाती है। रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने पर उसे सूती कपड़े के गमछे या चादर की मदद से बुझाया जा सकता है। मॉक ड्रिल के दौरान स्कूली बच्चों एवं शिक्षको ने रसोई गैस के सिलेंडर में लगी आग पर सूती कपड़े के गमछे के जरिए खुद काबू पाकर यह तरकीब सीखी। अग्निक चालक करण कुमार ने कहा कि जब खुद आग बुझाना संभव न हो तो तत्काल अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना देनी चाहिए। मार्ग में अग्निशमन वाहन को गुजरते देखकर प्राथमिकता के आधार पर उसे रास्ता देना चाहिए। अग्निशमन वाहन तभी निकलता है जब कहीं आग लगती है, इसलिए उसके लिए रास्ता छोड़ने में एंबुलेंस से भी अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि समय पर अग्निशमन वाहन के पहुंचने पर जान-माल को आग में नष्ट होने से बचाया जा सकता है। इस मौके पर अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी , उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू पश्चिमी के प्रधानाध्यापक सोहेल अहमद, शिक्षक विजय कुमार सिंह, सतेन्द्र प्रसाद, उदय कुमार, जितेंद्र कुमार, गंगा सागर,राजेश कुमार, शिक्षिका मंजू सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, अनिता कुमारी, पूनम कुमारी, पुष्पा कुमारी,साक्षी जायसवाल समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

### हर साल की तरह इस साल भी धूम धाम से मना मनोकामना शिव मंदिर में शिवरात्रि उत्सव

**चाणक्य भूमि बेतिया।**

हर साल की तरह इस साल भी सागर पोखरा के मनोकामना शिव मंदिर में भगवान शिव की भव्य रूप में बारात निकाली गई जिसमें शिव पार्वती के भेष में रथ पर बैठे और बरात के साथ भूत बेताल के वेष में बने कलाकारों को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु नजर आयें और यह बारात नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए डिजे के थुन पर नाचते गाते एव हर हर महादेव तथा महाकाल के नारे लगाते हुए पुनः सागर पोखरा आकर समाप्त हो गया।

# माधुरी सिंहा व जेपी जैमिनी को दी गई श्रद्धांजलि

### कला के क्षेत्र में उनके योगदान की हुई चर्चा



**चाण्क्य भूमि/अकोढ़ीगोला।**

**अभिनव कला** संगम के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर कुंज बिहारी सिंहा की पत्नी माधुरी सिंहा व राजस्थान के अलवर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार व रंगकर्मी जेपी जैमिनी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्थापक सलाहकार काका भैया के सुभाषनगर स्थित आवास पर संस्था के अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत दोनों रंग कर्मियों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने बारी-बारी से दोनों रंग कर्मियों के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। संस्था के सलाहकार रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ काका भैया ने कहा कि स्वर्गीय माधुरी सिंहा ठाकुर कुंज बिहारी की पत्नी ही नहीं बल्कि अभिनव कला संगम के परिवार के एक हिस्सा थी। उनका निधन संस्था के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में अभिनव कला संगम परिवार उनके साथ है। अंकेक्षक शशि श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने कहा कि डॉक्टर जेपी जैमिनी राजस्थान के अलवर के मूल निवासी थे। जो निरंतर 10 वर्षों तक अभिनव कला संगम के ऑल इंडियन नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में रहते थे। संस्था में उनके बहुमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा में अन्य लोगों के अलावा संस्था के सचिव विनय मिस्रा, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, महासचिव प्रोफेसर रणधीर सिंहा, मुकुल मणि, शंभू गुप्ता, ओम जी यादव, मनोज गुप्ता, विशाल सिंह, विनय कुमार आदि उपस्थित थे।

# हर हर महादेव से गूंज उठा शिवाला, मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चाण्क्य भूमि/करगहर।**

महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक बेहद ही शुभ और बड़ा त्योहार है।खासकर शुक्रवार के दिन महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए इस दिन भक्त खूब धूमधाम से ये त्योहार मनाते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार महा शिवरात्रि हिंदी कैलेंडर के 11वे महीने में मनाई जाती है। इस दिन को शिव की महान रात्रि' के रुप में भी जाना जाता है।ऐसा कहते है कि इस दिन भगवान शिव ने धरती को नष्ट होने से बचाया था। उन्होंने ये शर्त भी रखी थी,कि सभी भक्त उनकी सच्ची श्रद्धा से पूजा और उपासना करेंगे। शिवरात्रि के दिन भोले बाबा का दूध से अभिषेक करना अत्यंत ही पुण्यकारी माना गया है। दूध अर्पित करने से व्यक्ति सदैव स्वस्थ और रोग मुक्त रहता है। वहीं शिवरात्रि के शुभ अवसर पर करगहर प्रखंड के तमाम शिवालयों में भक्तों द्वारा धूमधाम से भगवान शिव को भांग धतूर व बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई।वही करगहर के प्रसिद्ध स्थानीय महादेवा रोड के दक्षिण में स्थित है श्री श्री 108 बाबा बुढ़वा महादेव जी का मंदिर लगभग कई साल से भी अधिक पुराना है। यहां स्वयंभू शिवलिंग है। मंदिर में शिवलिंग के अलावे नंदिनी और पार्वती की प्रतिमा है। शिवरात्रि व सावन माह में यहां श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होती है।बुढ़वा महादेव मंदिर भगवान शिव का प्राचीनतम मंदिरों में से एक है।मान्यता है कि यह मंदिर महाभारतकालीन है। इस मंदिर की स्थापना किसने की इसका कोई उल्लेख तो नहीं है पर इतिहास के पन्नों में देखने से और इस मूर्ति के पत्थर अपनी ऐतिहासिकता का खुद प्रमाण हैं।मंदिर पुजारी ने बताते हैं।पुरातन इस शिव मंदिर का नाम भी शायद इनके प्राचीन होने की वजह से ही बुढ़वा महादेव के नाम से पुकारा गया।इस मंदिर में भगवान शिव का शिवलिंग विशाल है। शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं का भारी भीड़ शिवरात्रि के दिन रहती है।

# मझौलिया में सांसद ने किया महाशिवरात्रि मेला का फीता काट उदघाटन

## » अहवर में शिव का तांडव नृत्य देखने उमड़ी लोगों की भीड़
## » आतिशबाजी के साथ निकली भगवान शिव की बारात







**चाण्क्य भूमि (कनकलता)**

**बेतिया।** शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर मझौलिया में पूरे उत्साह के साथ जलाभिषेक किया गया।बाबा नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर से शिव बारात की झांकी निकाली गयी।यहां मेला का उदघाटन सांसद डॉ.संजय जायसवाल ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर एससी/एसटी के जिलाध्यक्ष तथा पंचायत के मुखिया सत्य प्रकाश,लालबाबू साह सोनी,प्रमोद कुमार,राजेश साह,गोलू कुमार,प्रिंस कुमार तथा विशाल कुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही।शुगर इंडस्ट्रीज स्थित शिव शक्ति धाम में मुख्य रोकड़पाल राजकुमार झुन झुनवाला ने रुद्राभिषेक किया इसमे चीनी मिल कर्मियों की भागीदारी रही।श्रीकृष्णेश्वर नाथ महादेव मंदिर मझौलिया थाना में थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने पूजा अर्चना की।यहाँ पुलिसकर्मियों की सपरिवार भागीदारी रही।अहवर तिवारी टोला में जगदीशपुर महाराजा शिव मंदिर से बारात निकाली गयी जो बड़ी मनमोहक साबित हुआ।यहाँ पूजा समिति के सरंक्षक गुलशन तिवारी,अध्यक्ष हीरा लाल कुशवाहा,सचिव अमन कुशवाहा की देखरेख में झांकी निकाली गयी।बैंड बाजा,घोड़ा हाथी बसहा बैल और भूत पिशाच का स्वांग रच रहे बारातियों की भाव भंगिमा देखते बनती थी।खूब आतिशबाजी हुई।शिव का तांडव नृत्य देखकर लोग दंग रह गये। जगदीशपुर महाराजा शिव मंदिर से निकली बारात दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ा।

# जिले भर मे महाशिवरात्रि पर निकालीं गई भव्य शोभायात्रा

**हर हर महादेव के नारों से गूंजे पिऊनी बाग,सागर पोखरा ,सन्त घाट, हरिवाटिका चौक शिव मंदिर, दुर्गा वांग,आईटिआई शिव मन्दिर, डोल वाग भगवती मन्दिर, आरक्षी केंद्र स्थित राम जानकी शिव मंदिर, समेत सभी शिवालय**

**चाणक्य भूमि बेतिया**

पश्चिम चंपारण जिले में महाशिवरात्रि का अवसर जहां सभी श्रद्धालु भक्तों ने बेल भांग धतूरा दूध आदि से भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए रुद्राभिषेक की तो वहीं सुबह से ही घर में रहने वाली महिलाओं एवं कुवारी कन्याओं ने अपने अपने घर आंगन में भगवान शिव पार्वती गणेश कार्तिक के पार्थिव बनाकर व्रत रखते हुए पूजार्चना की। वही बेतिया राज के द्वारा निर्माण कराया गया पिऊनी बाग,सागर पोखरा ,सन्त घाट, हरिवाटिका चौक शिव मंदिर का भव्य सजावट के साथ श्रद्धालु भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ ने शिव भोले शंकर एवं मां पार्वती की पूजा अर्चना किया साथ ही कई मन्दिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया, जों सभी भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर इसका आनन्द ग्रहण किया। सनातन धर्म के शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन भगवान शिव का शादी मां पार्वती के साथ हुई थी और भगवान शिव शिवलिंग के रूप में पृथ्वी पर प्रकट हुए थे इसी की याद में हिंदू समाज सहित देस के सभी लोग महाशिवरात्रि पर्व को मानते है वही



ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बेतिया नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई तो एक तरफ । सच्ची में किसी ने सच ही कहा है शिव और शिवा अनंत है और उनके चौखट से आज तक कोई खाली नहीं गया एक लोटा जल चढ़ा देने से शिव खुश हो जाते हैं और भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं तभी तो उनका नाम भोलेनाथ भी है जो देवों के देव महादेव कहलाते हैं।

# आनंद बने पँचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष बेचू हजरा बने संयोजक



**चाणक्य भूमि बेतिया**

शुक्रवार को नगर के एमजेके कॉलेज परिसर में जिलास्तरीय पँचायत सचिव संघ की बैठक कर जिलास्तरीय पदाधिकारीयों का चुनाव किया गया।इस दौरान सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर आनंद कुमार जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष गौतम कुमार जिला सचिव रविकांत चौधरी तथा जिला संयोजक बेचू हजरा को बनाया गया।वही जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा की उन्हे संगठन ने जरूरी जिम्मेदारी सौंपी है और इसका निर्वहन वो ईमानदारी पूर्वक करेंगे। वही संयोजक बेचू हजरा ने कहा की सचिवों के अधिकारों की रक्षा करना उनके अधिकारों और शासन से नियमितीकरण के लिए शासन प्रशासन से लड़ना प्राथमिकता में है।

# बगहा के नारायणापुर शिव मंदिर में कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमे बतौर अतिथि बगहा विधायक राम सिंह उपस्थित थे

**» बगहा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के नारायणापुर मोहल्ला स्थित शिव मंदिर परिसर में भव्य कुश्ती का आयोजन किया गया। इस दंगल में बतौर अतिथि बगहा विधायक राम सिंह ने फीता काट व दो पहलवानों को हाथ मिलाकर दंगल का उद्घाटन किया। इस दंगल में बिहार समेत यूपी, नेपाल, मध्यप्रदेश सहित जम्मू-कश्मीर से महिला व पुरुष दर्जन पहलवानों ने हिस्सा लिया**



चाणक्य भूमि बगहा। नगर के लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष दंगल का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष दंगल को खास बनाने के लिए बिहार समेत यूपी, नेपाल, मध्यप्रदेश सहित जम्मू-कश्मीर से महिला व पुरुष दर्जन पहलवानों ने हिस्सा लिया।इस दंगल में महिला वर्ग में बनारस की साक्षी, पुरुष वर्ग में अयोध्या के सुमंत ने जीत दर्ज की। इस दौरान बगहा समेत ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे । प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटखौली थाना की पुलिस मौजूद रही। दंगल के कार्यकर्ता विधि व्यवस्था में मुस्तैद दिखे मौके पर छोटेलाल दास आलोक कुमार पांडे, महंत यादव, नागेंद्र सिंह, भोला यादव समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक मौजूद रहे।

# सुरक्षा सप्ताह के तहत 410 श्रमिकों का सीएचसी की टीम ने किया हेल्थ चेक अप



**चाण्क्य भूमि(कनकलता)**

**बेतिया।** कॉरपोरेट सोसल रेस्पांसिबलिटी के तहत शुक्रवार को सुगर इंडस्ट्रीज में लगभग चार सौ दस कामगारों का स्वास्थ्य परीक्षण सीएचसी मझौलिया की टीम ने किया। स्वास्थ्य परीक्षण के तहत आंख,कान,ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गयी।सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने खुद स्वास्थ्य जांच का मोनिटरिंग किया।मौके पर कामगारों को दवाइयों तथा सुझाव दिया गया।जांच के दौरान बड़ी भीड़ उमड़ी।बताते चले कि सुरक्षा सप्ताह के तहत आज पूर्वाहन में बच्चों का ड्राइंग की परीक्षा हुई तथा 11 बजे से संध्या तक स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श किया गया।मौके पर चीनी मिल के अधिकारियों में जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार ,जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे,एजीएम विजय आंनद ,वरीय प्रवन्धक रमाकांत मिश्रा,गोविंद कुमार चौधरी ,डिस्पेंसरी इंचार्य चंद्रमोहन सिंह सीएचओ डॉली शर्मा,डॉ.रामलखन यादव, डॉ.राकेश, विभांशु कुमार,संतोष शर्मा,अभय कुमार चौबे,अमित किशोर सिंह,प्रशांत कुमार,एएनएम उमा देवी,शुभलता के आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# विश्व महिला दिवस पर नगर निगम के सभागार में कार्यक्रम आयोजित

**» विश्व महिला दिवस पर नगर निगम के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में महिला पार्षदों की उपस्थिति काफी कम दिखी। इस मौके पर महापौर और उपमहापौर के द्वारा कर्मियों को सम्मान पत्र देकर उनके कर्तव्य निष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना**

**चाणक्य भूमि बेतिया।**

विश्व महिला दिवस पर नगर निगम के सभागार में शुक्रवार को महिला सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर एक एक महिला सफाई कर्मी और अन्य को महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा सम्मान पत्र देकर उनके कर्तव्य निष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना के साथ लैंगिक आधार पर महिलाओं की उपेक्षा को महापौर ने मानवीय और वैधानिक आधार पर अपराध करार दिया। श्रीमती सिकारिया ने कहा कि सबको स्वस्थ रखने से जुड़ी स्वच्छता जैसी




आप सबकी उत्कृष्ट सेवा से हमारा पूरा पर्यावरण लाभान्वित होता है। इस सेवा और अपने कामकाजी जीवन के साथ भरपूर स्नेह और समर्पण के साथ अपने अपने परिवार को पालने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान देने वाली आप स्वच्छता सेनानियों को परिवार अथवा समाज में उपेक्षित रखना या लैंगिक आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव करना या महिला की उपेक्षा सभ्य मानवता और वैधानिक तौर पर दंडनीय अपराध है। समारोह का संचालन कर रहे नगर निगम के आयुक्त शंभू कुमार ने कहा कि नगर विकास एवम आवास विभाग से जारी निर्देश के आलोक में आज के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। वही महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा सभी कोटि के सफाईकर्मियों को निर्धारित ड्रेस और अन्य प्रकार के सहाय और सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने के निर्देश दिए गए। महापौर द्वारा विभिन्न महिला पार्षदगण को भी गुलाब का फूल के साथ शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही महापौर ने बताया कि आज महिला दिवस के उपलक्ष्य में नजरबाग़ पार्क में महिलाओं की एंट्री निःशुल्क कर दी गयी है। कार्यक्रम में निगम के सभी महिला कर्मचारी, अधिकारी, उपमेयर और विभिन्न महिला पार्षदगण की भी सहभागिता रही।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714